

राज
कॉमिक्स
विशेषांक
संख्या 52
ABHI..
मूषकराज
फाइटर टोड्स
इस विशेषांक के साथ
एक आकर्षक स्टीकर
मुफ्त
अनुपम

1579






CHILDREN'S LIBRARY
BOOK NO. ..........







☆ जानने के लिए पढ़ें - 'कबाड़ नगर'


मैं इसको रोकता हूं, वर्ना ये तो हमारा सामान ही तोड़ डालेगा।
मास्टर्र, कीड़े की तरफ बढ़ा—
टन्ननन
और एक जोरदार टक्कर से हवा में उड़ा दिया गया—
धम्म
ओह! इसमें तो बड़ी जबरदस्त ताकत है।
तुम लोग हट जाओ! मैं इसको दूर से ही मार गिराता हूं।
फिर हम सब लोग मिलकर इसे खाएंगे!
शूटर्र के बाण, हवा में उड़े—
लेकिन निशाने तक नहीं पहुंच पाए—
कीड़े ने अपने-आपको आश्चर्यजनक फुर्ती से बचाया—
धाड़
और—
अरे! मेरा निशाना आज चूक कैसे... आह!
शूटर्र के हाथ से धनुष दूर जा गिरा—
सांय
अरे! इतना अच्छा लंच हाथ से निकला जा रहा है... अगर भाग गया तो मैं इसका स्वाद भी नहीं ले पाऊंगा। इसलिए इसको हवा में ही काटना पड़ेगा।
कटर्र की तलवार 'स्कड मिसाइल' की तरह कीड़े की तरफ लपकी—
पर कीड़े ने 'पेट्रीयाट मिसाइल' की तरह उसको हवा में ही लपक लिया—
और फिर कटर्र की तलवार, टोड निवास में ही कहर ढाने लगी—
कम्प्यूटर्र चकित रह गया—
कमाल है! इस कीड़े में तो दिमाग भी है। पर ये इतना इंटेलीजेंट कैसे हो गया?
इसके इतने बड़े और बुद्धिमान होने के पीछे अवश्य कोई कारण है!
और तेरे इतना मूर्ख होने के पीछे कुछ कारण जरूर होगा।
हट नो!
घाप!
सांय
वर्ना मेरी तलवार तुझे भी काट डालेगी।


मास्टर, अपने पोल पर उछला—
इसको रोकने का एक ही तरीका है!
और वह है इसकी पीठ पर चढ़कर
...इसके परों को तोड़ डालना!
लेकिन अपनी जान खतरे में देखकर वह कीड़ा बाहर की तरफ भागा—
अरे! अरे! वह कीड़ा तो मास्टर को लेकर बाहर जा रहा है!
और मेरी तलवार भी खिंच जा रहा है!
पीछा करो इसका!






कड़क
लेकिन वह कीड़ा—
...ज्यादा दूर नहीं जा पाया—
छपाक
ले आ! जल्दी से ले आ! वर्ना मेरे मुंह का पानी टपक-टपक कर गटर में बाढ़ ले आएगा!
ये ले, कर्ट! ये तेरा ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर!
पर तभी—
मास्टर! इसको दूर फेंक। अपने से दूर फेंक।
हीं ई! ही ई! हीं ई!
इतनी मुश्किल से आया माल, एक सेकेंड में दूर फेंक दिया!
परोसी हुई थाली पर लात मार दी।


क्या बात है केंप्चुर्ल? इस कीड़े में देखा क्या था?
इस कीड़े में से 'रेडियो-एक्टिविटी' निकल रही है! और वह हम सबके लिए खतरनाक हो सकती है।
पीं पीं पीं पीं!
मैं तो एक० एम० सुनूंगा।
एफ० एम० आई.आर० एफ० एम० स्टीरियो
टें टें टें
रेडियो? इस कीड़े के अन्दर रेडियो है?
मैं अभी इसका पेट फाड़कर रेडियो निकाल लेता हूं। फिर हम सब मिलकर गाना सुनेंगे।
चुप!
'रेडियो एक्टिविटी' कोई गाना नहीं है। वे एक प्रकार की बहुत खतरनाक किरणें होती हैं!
मुझे तो इस कीड़े के पीछे कोई खतरनाक षड्यंत्र लग रहा है। और अगर गटर में इस तरह के कीड़े और भी हुए तो हमको पहले से उनका पता लगाकर उनको खत्म करना होगा।
वरना ये हमारे साथ-साथ महानगर के लिए एक बड़ा खतरा बन सकते हैं।
तुम ठीक कह रहे हो, केंप्चुर्ल! वह कीड़ा मुझे इसी तरफ ले जा रहा था।
यानी वह आया भी इसी तरफ से ही होगा!
चलो, हम भी इधर ही चलते हैं।
चलो... चलो... हम लोग इस कीड़े को नहीं खाएंगे?
तू चलता है, पेटू या मैं तुझे अपना घूंसा खिलाऊं?
हमको संभलकर चलना होगा! गटर के उस भाग में हम पहले कभी नहीं गए!






और इसी दौरान—
वेल...कम... मिस्टर मैथ्यू! यूनियन गड़बड़ाइट लिमिटेड में आपका स्वागत है। आपकी यात्रा आरामदायक तो थी न?
यस, मिस्टर विलियम!
यूनियन गड़बड़ाइट लिमिटेड
आरामदायक भी थी, और पैसादायक भी!
ये देखो! हम तुम्हारे लिए प्लूटोनियम डस्ट का एक नया सैंपल लाया है।
वो ऐसा है, मैथ्यू साहब कि इस कन्ट्री का पुलिस गवर्नमेंट, हमारे धंधे को स्मगलिंग बोलता है।
इसलिए हमको अपना धंधा छुप-छुपकर करना पड़ता है।
बट, हमारे को एक बात बिल्कुल समझ में नहीं आया! तुम तो प्लूटोनियम डस्ट को चोरी और स्मगल करके इंडिया का पड़ोसी कन्ट्री को बेचता है न, एटम बम बनाने के वास्ते!
फिर ये 'यूनियन गड़बड़ाइट लिमिटेड' में क्या होता है?
'यूनियन गड़बड़ाइट लिमिटेड' में हमारा साइंटिस्ट लोग, दिन भर नया-नया किस्म का ऊल-जलूल गैस बनाता है। और फिर उस गैस का क्या इस्तेमाल होगा, ये सोचता है...
...आइए, मैं आपको अपना फैक्ट्री का टूर लगवाता है।


ये देखिए, मैथ्यू साहब! यहां पर हम लोग यूरेनियम डस्ट को धोया करता है। और इस में अरबा, सफाई कर देता है।
वेरी गुड! इंडियन गवर्नमेंट के सप्लाई के पानी से ही साफ कर देता है। बट... पर ये पानी तो रेडियो-एक्टिव बन जाता होगा। इसको कैसे ठिकाने लगाता है?
WASHING TANK
इस वॉटर को हम ठिकाने नहीं लगाता। गटर में बहा देता है। और फिर तो किसी के फॉदर को भी पता नहीं चल सकता कि ये वॉटर कहां से आया है।
कईसा बहाता है?
इस टैंक का पम्प खोल देता है। बस...
चींचीं
चूंचूं
RESERVOIR
...सारा पानी गटर में बह जाता है... न कोई लफड़ा और न कोई झंझट।
आहा! यही अच्छा-अच्छा पानी जिसको पी-पी कर मैं मामूली चूहे से बन गया हूं...




...मूषकराज!
धड़ाक
फाइटर टोड्स इसी मुसीबत की तरफ बढ़ रहे थे—
काफी अंधेरा है, यहां पर। कुछ साफ-साफ नजर नहीं आ रहा!
मैं अपनी तलवार को ऑन कर देता हूं। वह ट्यूबलाइट के बराबर की रोशनी कर देगी।
हम अपनी मंजिल के काफी नजदीक पहुंच गए हैं। मेरे कंप्यूटर में लगा 'रेडियेशन मापक यंत्र' काफी तेज सिग्नल दे रहा है...
इससे, हमको कोई खतरा तो नहीं है न, कंप्यूटर?
नहीं, मास्टर! इन खतरनाक किरणों का स्तर, अभी हमको नुकसान पहुंचाने लायक नहीं है।
वैसे भी, मैं नहीं समझता कि अब हमको...
ईयााऊ!


चूहे!
इतने सारे चूहे एक साथ कहां से आ गए? और ये हम पर हमला क्यों कर रहे हैं?
ये चूहे जरूर कर्ट के पेट से बाहर आए हैं। सुबह से चिल्ला रहा था, कि मेरे पेट में चूहे कूद रहे हैं।
ची ची
ची
ची
ये वाले चूहे तो मेरे पेट में अभी भी कूद रहे हैं। रह-रहकर वह रसीला कीड़ा याद आ रहा है।
इनसे बचना फाइटर टोड्स! ये मांसाहारी चूहे हैं। और इनके अंदर से भी रेडियो-एक्टिव सिग्नल आ रहे हैं।
अगर इन्होंने हमें काट लिया तो पता नहीं, हम पर उसका क्या असर हो?
कंप्यूटर्ड, जल्दी से अपने कंप्यूटर पर देख, इन चूहों का क्या इलाज है?
बिल्ली!
इन चूहों का इलाज बिल्ली है।






बिल्ली! इस गटर में बिल्ली कहां से आएगी? कुछ और देख!
चूहेदान!
इन चूहों को ले जाकर दान में देना पड़ेगा?
कौन बेवकूफ लेगा इन चूहों को दान में?
फिर देख?
चूहेमार दवाई!
दवाई की दुकान पर मिलेगी।
चूहामार दवाई
मैं आता... ता... ता...
अक... आक...
फू ऊऊऊऽऽऽऽ
abhi..


सिग्नल की स्पीड से उड़ता हुआ चूहा, गटर के बहते पानी में आ गिरा—
और स्टर्न को, चूहों का इलाज मिल गया—
आहा... आहा! मिल गया इन नामुरादों से बचने का उपाय!
क्या मिल गया?
रे!
पानी में गिरते ही चूहे बिना पानी की मछलियों की तरह तड़पने लगे—
टोड्स! गोता लगाओ, और चूहों से छुटकारा पाओ।
दवाई के पैसे भी बच गए।
हो ओ- ओ, गंदे-गंदे पानी से नहाना चाहिए ...







...दुनिया वालों के लिए कर्टी की एक इंपॉर्टेंट सलाह...
...अगर आपके घर में चूहे हों तो घर को गटर के पानी से भर दीजिए...
अब क्या करना है कंप्यूटर?
आगे जाना खतरनाक हो सकता है मास्टर! इस बार न जाने किस मुसीबत से पाला पड़ जाए...
...और चुटकी बजाते ही चूहों से छुटकारा पाइए।
तो क्या अब हम बातचीत बंद कर दें?
नहीं! लेकिन अब हम गटर के रास्ते से आगे नहीं जाएंगे। गटर में जो कुछ हो रहा है, वह अपने-आप नहीं हो सकता?
जरूर कोई ऊपर से गटर के अंदर कुछ फेंक रहा है। हम सड़क-सड़क जाकर, इस जगह के ठीक ऊपर के इलाके की छानबीन करेंगे।
ठीक है। लेकिन वापस तो पानी में तैरकर ही जाना पड़ेगा। वर्ना ऊपर चढ़ते ही ये चूहे हम पर फिर चढ़ जाएंगे।
चलो, फाइटर टोड्स!
लेकिन फाइटर टोड्स इस बात से अंजान थे कि दो खूंखार आँखें, उनकी हर एक हरकत पर नजर रखे हुए थीं—

UPLOADED BY ABHI (O11#1) ON RCJ(ORKUT)








शीघ्र ही फाइटर टोइस को लेकर बिल्ला और रंगा एक तरफ बढ़ रहे थे—
वारे-वारे वा, आज तो अपनी किस्मत का सितारा बुलंदी पर लगता है!
और इसी दौरान— यूनियन गर्बरायट लिमिटेड में—
देखा आपने? अब हमारा यूरेनियम साफ होकर गैस के सिलेंडरों में बन्द हो गया है।
इसे देखकर कोई भी यही समझेगा कि गैस का सप्लाई होता है।
अब हमारा आदमी लोग इसको डिलीवर करके, डॉलर का मोटा-मोटा गड्डी लेकर आएगा।
देखा! इंडियन सरकार ने हमको गैस फैक्ट्री का लाइसेंस देकर हमारा काम कितना आसान कर दिया?
GAS
UNION GARBARAYAT
MITED (INDIA)
अब आप रेस्ट करो। मैं गैस प्लांट देखने जाता हूं।
अंदर- फैक्ट्री के गैस बनाने वाले हिस्से में एक नया हंगामा हो रहा था—
कोई मेनहोल के अंदर से खटखटा रहा है!
अन्दर कॉल बेल लगवाकर रखनी चाहिए।
ठक्क ठक्क ठक्क
ये कौन हो सकता है? अब कोई अन्दर तो नहीं गिर गया?
परसों शर्मा कोई गैस सूंघकर अन्दर घुस गया था। पर गटर की बदबू से उसको होश आ गया था।
मैं बताता हूं। मैं बचपन से सुनता आ रहा हूं कि इस गैस फैक्ट्री के गटर में एक भूत रहता है...
ठक्क ठकठक्क ठक
...जो हमेशा इस गटर का ढक्कन रात में खटखटाया करता है। आज दिन में ही...
भूत!
बचाओ!
भागो!
हांई! यह क्या? ये कामचोर इंडियन वर्कर फिर स्ट्राइक पर जाता क्या? ये सब भागता क्यों है, मुकर्जी?
फिरंगी साब, अंदर फैक्ट्री में कोई गटर का ढक्कन खटखटा रहा है?
सब मजाक कर रहे थे। मैंने भी भूत-भूत का मजाक कर दिया तो ये सब बिना स्ट्राइक किए भाग खड़े हुए।
नॉई? मेनहोल का ढक्कन कौन खटखटाता? अंदर गैस बनता होगा।
चलो, हम देखता है।
ये देखिए, साब! ये है वो मेनहोल।
हांई! हांई!! हांई!!! य... ये ढक्कन तो अपने-आप ऊपर उठता है!
ठक्कक्क
क... क्या सचमुच में अंदर घ... घो... घोस्ट होगा?
मुकर्जी! घोस्ट! सेव मी। सेव मी।


ये तो एक भौंरा है सर।
हमारा कंट्री में इतना बिग बिग भौंरा कईसा होता, मुकर्जी?
इतना बिग नहीं होता सर। कुछ गड़बड़ लगती है मुझको।
भौंरे ने अपना कमाल दिखाना शुरू कर दिया–
धाड़
ये तो सुपरमैन जैसा पॉवरफुल है। हमारा मशीन तोड़ता है।
हमारा मिलियन डॉलर का नुकसान करता है।
?
सिक्योरिटी गार्ड को बुलाओ। इस भौंरे को शूट करने का।
मैं तो यहां से तभी निकलूंगा, जब ये भौंरा चला जाएगा सर।
धाड़
तब तो तुम हमारा भी टेबुल के नीचे घुसने का जगह बनाओ।
हम भी नीचे घुसेगा।
बुहुहुहु आ। ये कंट्री ने हमको बर्बाद कर दिया।
हम जितना कमाया था, ये भौंरा उतना का लॉस कर दिया। हाय।






तभी– तीव्र गति से उड़ता भौंरा, एक गैस टैंक से आ टकराया...
...और टैंक में एक छोटा सा छेद हो गया–
गैस सूंघते ही, पलभर में भौंरा जमीन पर आ गिरा–
आह! ये कौन सा गैस था, मुकर्जी?
ये आदमियों को होश में लाने वाली गैस थी सर!
वाऊ! तुम लोग जो गैस बनाता, उसका उल्टा ही इफेक्ट होता है।
बट ये जायंट भौंरा किधर से आया था? और इतना पॉवरफुल कैसा था?
शायद मेनहोल में झांककर देखने से कुछ पता चले सर! लेकिन वहां झांकना भी खतरनाक हो सकता है।
आप मेरी तनख्वाह सौ रुपए महीना बढ़ा दो तो मैं नीचे झांकूं।
हम तुमको इंक्रीमेंट दिया। हंड्रेड रुपीस का...
...अब नीचे झांको।


नीचे झांकते ही मुकर्जी की घिग्घी बंध गई—
चिचियाता काय को है मैन? लगता है तुमने कभी किंग साइज चूहा नहीं देखा!
क्या होता, मुकर्जी? तुम हिन्दी का वर्णमाला काए को पढ़ता है। अन्दर क्या होता?
अन्दर एक चूहा होता मैन...
चूहा! उसके सामने तो मैं चूहा लगूंगा सर! अंबो जेट ??? साइज का चूहा है!
आदमियों की तरह बोलता है। बड़ा इंटेलीजेंट लगता है सर!
हाई! मैं देखता हूं।
सच्ची-मुच्ची! वेरी गुड, वेरी गुड! मुकर्जी, बिस्कुट, चीज जो मिले सब लाने का। हमारा फ्रैंड रैट को देने का!
आओ, आओ फ्रैंड! यू आर वेलकम!
तुम नीचे आ जाओ, मोटे!







वाऊ! हमारा दिल बोलता है कि इस रैट से हमारा बहुत बिग-बिग काम होगा। इसको पटा-पटाकर रखने का। हमको दिल और नाक पर पत्थर रखकर गटर में उतरना ही होगा।
वैसे भी हम अंग्रेज लोग, प्रॉफिट के वास्ते गटर में तो क्या, नरक में भी जा सकता है!
मुकर्जी, हमको फटाफट इस बिग रैट के वास्ते अच्छा-अच्छा कपड़ा, बूट और चॉकलेट बिस्कुट और पनीर लाकर देने का। हम सब लेकर गटर में जाएगा।
आप एकदम सही जगह पर जा रहे हैं, सर! मैं अभी सामान लेकर आता हूं।
ABHI..
उधर-फाइटर टोड्स-
हां, भाई साहब, इधर से दाहिने मोड़ लो...
अरे! दाहिने... राइट मोड़ो... हिन्दी नहीं समझते क्या?
हमको दाहिने जाना है!
ऐ! चिल्लाने का नहीं! नहीं तो हम तुमको लेफ्ट भेजेगा, न राइट। सीधा ऊपर भेजेगा!
खल्लास कर देगा!
ओई! ओई! मेरी गर्दन पर चक्कू लगा रहा है?
अब रोकूं तो कैसे रोकूं? नहीं रुकती खिलखिल... खिलखिल...
ही ही ही... हा हा हा हू हू हू हा!
?


ए तुम्हारा साथी हंसता क्यूं है? डरता क्यों नहीं?
अब हमें क्या मालूम? इसी से पूछलो!
हा हा हा हा हा
क्यों भाई? तू हंस क्यों रहा है? डर से थर-थर कांपता क्यों नहीं?
अब जी, हंसी आ रही है, तो क्या करें? तुम बताओ, तुम ये चाकू क्यों लगा रहे थे?
हा हा हा
तुम लोगों को लूटने के लिए!
हमारा नाम रंगा और बिल्ला है। हमारा धंधा ही है लोगों को लिफ्ट देकर लूटना।
तो ठीक है, तू हम लोगों को लूटले!
सबसे पहले तू मेरा टोप लूट ले!
ही ही ही! लूट की शुरूआत टोप से। अच्छा आइडिया है। उतार अपना टोप!
टोड भाईयो! आप तीनों लोग भी अपने-अपने टोप उतार कर इन सज्जनों को दे दीजिए।
और फिर तो सीन वही था, जैसा होने की पूरी उम्मीद थी—
ई ऊ ऊ आ आ आ...
हम तो लुट गए भाई लोगो।
बर्बाद हो गए!
हमारी टोपें उतर गईं।
सारी इज्जत उछल गई।






हां भाई रंगा। अब तुम हमारे ओवरकोट को लूट लो।
आप लोगों का इतना तो हक है ही। आखिर आप लोगों ने हमें लिफ्ट दी है।
गूं गूं गा गा
अब तक तो बिल्ला और रंगा की जुबानें तालू से चिपक चुकी थीं—
सिर्फ गला आवाज कर रहा था—
और जब — डर अपनी हद पार कर गया तो एक साथ दो चीखें उभरीं—
बिल्ला!
रंगा!
और अगले ही पल — गाड़ी से दो पैसेंजर कम हो गए—
भागो!
अरे-अरे! ये क्या करता है? बिना लूटे ही भाग रहा है।
ही ही ही! हमको लूटने चला था!
एक थप्पड़ मार देता, तो इसकी पूरी दुनिया ही लुट जाती।
ही ही ही ही ही!
हंसना बंद कर, कर्टर! मुझे ध्यान लगाने दे। मुझे इस वाहन को संभालना...
...है। मेरा कंप्यूटर फिर सिग्नल दे रहा है। लेकिन ये सिग्नल उधर से नहीं आ रहे हैं, जिधर हमें जाना है।
टीं टीं टीं टीं टीं



फिर किधर से आ रहे हैं?
उस तरफ से। उल्टी दिशा से।
उधर तो सिर्फ एक ट्रक जा रहा है।
लो ये सिग्नल अभी ट्रक से आ रहे हैं। मैं गाड़ी को उस ट्रक के पीछे लगा देता हूं।
अरे! अरे!
अबे पागल है क्या?
वा रे वा कंप्यूटर! तू तो एकदम एक्सपर्ट ड्राइवर बन गया है रे।
कंप्यूटर का ख्याल एकदम सही था। वह ट्रक 'यूनियन गड़बड़ाइट लिमिटेड' का ही था। और उसमें बैठे लोग बेखबर नहीं थे—
अल्लू-भल्लू! एक कार हमारा पीछा कर रही है।
सही में?
यानी किसी को हमारे बारे में पता चल गया?
बहुहुहु! अब हम पीटे जाएंगे। पकड़े जाएंगे। जेल जाएंगे। फांसी पर चढ़ा दिए जाएंगे। फिर हम मर जाएंगे। हाय, हम मर गए। बहुहुहु!








चुप बे! भूल गया कि बॉस ने हमको ऐसी ही मुसीबतों से निबटने के लिए अत्याधुनिक हथियार दिए हैं।
मैं ट्रक को एक सुनसान जगह पर रोक देता हूं...
...और वहीं पर हम इनके बदन छलनी करके इनकी लाशों को गिद्धों के खाने के लिए फेंक देंगे।
UNION GARBARAYAT
LIMITED
क्या खतरनाक डॉयलाग बोल गया मैं। बोलते-बोलते डर के मारे मेरी पैंट भी गीली हो गई... पसीने से।
फाइटर टोड्स, पूरी जान लगाकर ट्रक के पीछे लगे हुए थे—
कंप्यूटर! ये तू गाड़ी कैसे चला रहा है? तुझे डर नहीं लग रहा?
डर क्यों लगेगा? मैं गाड़ी मोड़ते समय आंखें जो बन्द कर लेता हूं।
दरअसल, यार मास्टर! मैं अभी भी ब्रेक और एक्सीलेटर में कंफ्यूज कर जाता हूं।
देखो! अभी भी ब्रेक दबाना था न? और मैं एक्सीलेटर दबा गया।
संभाल के, कंप्यूटर!
आगे स्पीड ब्रेकर है। इस बार ध्यान से ब्रेक ही दबाना।


मालूम है, मालूम है यार! तू चिन्ता मत कर। ये देखना मैंने ब्रेक...
UNION GARBARAYAT LIMITED
...और फिर से दब गया एक्सीलेटर...
कार हवा में उछलकर...
मर गए हम सब!
और इसी के साथ- फाइटर टोबुत पर तन गए अत्याधुनिक हथियार-
आंईं! ये तो हम पर हथियार तान रहे हैं?
मजा आ गया! वो बिल्ला और रंगा तो बिना पिटे भाग गए। उस दुःख के मैं इनकी पिटाई करके दूर करूंगा।
...हवा में उड़ती हुई, ट्रक के ऊपर आ टिकी-
धप्प
और इस बार कंप्यूटर ने सही पैडल दबाया ब्रेक वाला-
साथ ही साथ ट्रक भी एक झटके के साथ रुक गया-






और इसी दौरान- विलियम्स ने मूषकराज को राजाओं जैसा राजा- बना कर तैयार कर दिया था-
अब तुम लगता है रैटकिंग मूषकराज।
थैंक्यू, दोस्त विलियम्स!
तुम हमारे सबसे अच्छे दोस्त हो। हम तुमको शाही मेहमान घोषित करते हैं।
थैंक्यू, योर यूअर हाइनेस!
बट आई एम सरप्राइज्ड। हम आश्चर्यचकित हो गया। हम समझता था कि गटर में सिर्फ पाइप होता है, जिसमें गंदा वॉटर बहता रहता है।
बट, यहां तो बड़ा सा सुरंग बना होता है। ये तो हमारा बहुत काम का चीज है!
ये पुराने टाइप की सीवर लाइन है, दोस्त! इस रास्ते से तुम शहर के किसी भी कोने में जा सकते हो!
रियली?
यानी हम अपना यूरेनियम का सप्लाई बिना किसी की नजर में आए, गटर के रास्ते से कहीं पर भी भेज सकता है! व्हाट ए आइडिया। और हमारा ये काम ये चूहे का बच्चा करेगा!
ये हमको इसकी बातों से पहले ही पता चल चुका है कि ये यूरेनियम का पानी पी-पीकर इस फार्म में आ गया है। हम इसको वही पानी पिलाता रहेगा...
...और इससे अपना काम निकलवाता रहेगा।
तुम क्या सोचता है फ्रेंड?
हमको तुम्हारा हेल्प मांगता है, योर रैट हाईनेस!
और फिर विलियम्स, मूषकराज को अपनी योजना सुनाने लगा-




* इंस्पेक्टर धलांगसिंह के बारे में जानने के लिए पढ़ें- 'खून चोर'








ऊ... डरो नहीं। ये हमारी आंखों का धोखा है। भून डालो इनको।
आंखों का धोखा। ही ही ही। नहीं रे। मैं तो समझ रहा था कि मैं पागल हो गया। अब मैं इन लोगों को छलनी कर दूंगा।
अरे। ये हथियार तो बहुत तेजी से गोलियां बरसाता है।
मर गया रे।
इन गोलियों से बच पाना मुश्किल लगता है।
गोलियों से बचने की कोई जरूरत नहीं है। मैं इन गोलियों का चलना ही बन्द कर देता हूं।
...और निशाने पर जा धंसे—
ठक
फ्लॉप






और बाकी का काम मास्टर ने पूरा कर दिया—
तड़ाक


लेकिन इससे पहले कि कंप्यूटर अपना गरवत अगला काम शुरू कर पाता—
वह इलाका पुलिस सायरन से गूंज उठा—
पुलिस जी आ गए।
हमको अपने इस रूप में पुलिस जी के सामने नहीं पड़ना चाहिए।
तो फिर क्या करें?
फिलहाल तो यहां से फूट लो। फिर सोचेंगे।
कुछ ही पलों की सुपर तेज दौड़ के बाद कुएं में छलांग लगा रहे थे—
और इधर—
हुम्म... तो वे जरूर मेंढक थे। वही होंगे। आगे बताओ।
उन... उन्होंने हमारे ट्रक के ऊपर, कार को कुदा दिया। कहने लगे कि आज से ये हमारी पार्किंग स्पेस है...
...कहने लगे आज से हम अपनी गाड़ी यहीं पर खड़ी करेंगे।
हम... हमने मना किया, तो हमको मारने लगे। बहुत मारा। बहुत मारा। ऊ हू हू हू।
ओह! ये तो सरासर गुंडागर्दी है। शहर में पार्किंग की प्रॉब्लम होने का यह मतलब तो नहीं है...
...खैर मैं उनको ढूंढकर रहूंगा।




और फिर दोनों गाड़ियां अपने-अपने रास्ते चली गईं—
ये... ये तो हम लोग वापस आ रहे हैं।
हां! आज का शगुन ठीक नहीं है। अभी तो इंस्पेक्टर को चंडूखाने की गप्प सुना कर बच गए, लेकिन अगर अगले पकड़े गए तो फिर पूरे बदन का चूरा बनकर रहेगा।
UNION GARBRAYAT
LIMIIED
वैसे भी पहले बॉस को सारा चक्कर सुना दें, उसके बाद जैसा वो कहेगा, वैसा ही करेंगे।
विलियम्स खबर सुनकर उछल पड़ा—
चार किलो साइज मेंढक! और वो हमारा माल के पीछे पड़ा है। हमारा स्मगली होता है...
...हमारा अंकल बात तो नहीं किया था मुकर्जी?
सर, जब चूहा किंग साइज हो सकता है, तो मेंढक क्यों नहीं हो सकते?
मुकर्जी सही बोलता है फ्रेंड! वो मेंढक हमने भी देखे हैं। और वो गटर में ही रहते हैं।
ओह! गॉड! ये तो गड़बड़ होता लगता है!
अब जब हमारा माल 'हिजरेट हाईवेज' गटर के रास्ते से ले जाएगा तो वो मेंढक लोग डिस्टर्ब करेगा।
उनसे निपटने के लिए मेरे पास कई तरह के चूहों की कड़ियल सेना है, फ्रेंड! तुम सिर्फ हमारे लिए हथियारों का इंतजाम कर दो...
...बाकी हम देख लेंगे।
तुम तो बहुत इंटेलीजेंट होता है मूषकराज!
तुम इतना नॉलेज कैसे पाया?


हम चूहे लोगों ने तुम आदमी लोगों से ज्यादा दुनिया देखी और समझी है मिस्टर!
सिर्फ हमारे न बोल पाने की कमी और छोटा शरीर हमारी राह में रोड़ा है... और अब ये कमी भी दूर हो चुकी है।
अब गटर पर राज करेंगे चूहे। मेढकों को हम निकाल बाहर करेंगे।
वेरी गुड। वेरी गुड। मुकर्जी, मूषकराज को रायफल, गोली, ग्रेनेड, रॉकेट लांचर, जो भी मांगे, लाकर दो! क्विक!
फाइटर टोड्स, अपने ऊपर आने वाली इस भयंकर आफत से बेखबर थे—
यार, मैं ये सोच रहा हूं कि ये सब हमने किया क्यों? गिरफ्तारी, ट्रक का पीछा किया, लड़कों को पीटा, फिर भागकर वापस गटर में आ गए...
...कुछ काम तो बना नहीं, और न ही कुछ पता चला।
इस कंप्यूटर की सलाह पर हम लोगों ने जब-जब काम किया है, तब-तब धूल चाटते हुए वापस आए हैं।
काश, हम लोगों को यही पता चल जाता कि वे 'प्रेशियस गड्स्क्राइट लिमिटेड' के आदमी थे और प्रेशियस की तस्करी कर रहे थे!
लेकिन उन लोगों ने हमको इतनी सी बात तक नहीं बताई?
कुछ भी पता नहीं चला यारो! खैर, कल फिर उस स्थान पर चलेंगे।






इधर टोड रातभर सुहाने-सुहाने सपने देखते रहे—
और इधर- रातभर उनकी कब्र खोदने की तैयारियां चलती रहीं—
पिछली लड़ाई में वे मेढक सिर्फ इसलिए बच गए थे, क्योंकि उन्होंने हमारे सबसे कमजोर चूहों को गटर के पानी में डुबो दिया था...
...हम चूहों की सिर्फ एक ही कमजोरी है, पानी। मेढकों के पास वार्निंग देने आने से पहले, हम गटर में पानी का आना ही बन्द कर देंगे।
हमारी मूषकसेना की तकनीकी शाखा के सदस्य ध्यान से सुनें...
...इस गटर में जहां के जिस-जिस मेन होलों से पानी आता है, उस जगह को तुरन्त बंद कर दें। रातोंरात!
जो आज्ञा मूषकराज!
उसके बाद हमारी रैट कमांडो फोर्स के जांबाज चूहे जाकर, उन मेढकों से गटर खाली करवाएंगे।
और अगर वे नहीं मानेंगे तो उनकी आत्माओं से उनके शरीर खाली करवा लेंगे।


और अगले दिन सुबह–
ओह! ये ठक-ठक कैसी हो रही है?
कोई दरवाजा खटखटा रहा है!
ठक ठक
ठक ठक
कहीं वह कीड़ा फिर तो नहीं आ गया?
म... मैं तो दरवाजा खोलने नहीं जाऊंगा!
दरवाजा खोलने की जरूरत ही नहीं पड़ी–
धड़ाक
चूहे! इतने बड़े-बड़े चूहे! और... और इनके हाथों में हथियार हैं।
ये कहां से आ गए?
मूषकराज का आदेश है मेंढको कि तुम लोग यह गटर तुरंत छोड़ दो!
वर्ना अंजाम बहुत बुरा होगा!
ये मूषकराज कौन है? और हमको आर्डर देने वाला वो कौन होता है?
सुन बे मेंढक! मूषकराज हम चूहों के महामहिम जहांपनाह महाराजा हैं। और अब इस गटर में चूहों के अलावा और कोई नहीं रहेगा!
सुन बे, चूहे! हमारा नाम फाइटर टोड्स है। मेंढक नहीं।
और ये गटर किसी मूषक-चूषक की बपौती नहीं है। हम तो यहीं रहेंगे!






मूषकराज को चूषक कहा!
उनका नाम बिगाड़ा!
मूषक-जाति का अपमान किया!
हम बदला लेंगे!
इस गटर से मेंढकों का पत्ता साफ कर देंगे।
अटैक
युद्ध का जवाबी ऐलान करने के लिए कंप्यूटर ने भी अपना मुंह खोला–
तड़ाक
टोड्स एफ...
...आंगूंगूं.
कंप्यूटर का जबड़ा उतर गया है! अब यह 'टोड्स एक्शन' नहीं बोल पायगा।
और एक करारा वार, उसके जबड़े पर आ पड़ा–
...तब तक तो हमको लड़ने में जोश आता ही नहीं...
आईईई!
ओ टोडदेव! जब तक यह युद्ध का ऐलान न कर दे...
तुम मेंढकों ने इसी मुंह से मूषकराज का अपमान किया था न? हम तुम सबों के मुंह तोड़ देंगे!


ये मोटा-मोटा, गोल-गोल! लगता है जैसे फुटबॉल...
...गोल
स्कोर मूषकों के पक्ष में ५-०!
अई! मर गया रे!
छपाक के बजाय धड़ाम की आवाज कैसे आई?
अरे! गटर का सारा पानी कहां गया?
हा हा हा, बच्चू... इसी पानी में डुबोकर मारना चाहते थे न हम मूषकों को! पर अब गटर में पानी नहीं आएगा...
क्योंकि हमने गटर में पानी आने के सारे रास्तों को बन्द कर दिया है। वे अब कभी नहीं खुलेंगे!






अब कम से कम तुम यह तो कह सकोगे कि मूषक कमांडो ने तुमको वहां ले जाकर मारा, जहां पानी तक नहीं मिलता।
आईईई!
तड़ाक
मास्टर को कई मूषकों ने घेर रखा था—
ओफ्फ! लड़ने की बिल्कुल इच्छा नहीं हो रही है। लेकिन फिर भी दो-चार हाथ तो चला ही सकता हूं।
धाड़
कर्टर का भी हाल बुरा था—
हे टोडदेव, आज ये क्या हो रहा है? कर्टर की पिटाई चूहे कर रहे हैं।
तू एक है मेंढक, और हम दस हैं। तेरे तन के कम दस टुकड़े तो करके ही छोड़ेंगे!
ओफ! ओफ! मेरे भाई पिट रहे हैं और मैं सिर्फ तमाशा देख रहा हूं। धिक्कार है मुझ पर!


पर मैं भी क्या करूं? बोलूं भी तो कैसे? इन चूहों ने मेरा जबड़ा ही उड़ा दिया है। अब जब तक जबड़ा दुबारा बैठेगा नहीं... बैठेगा...
...ओ क्या आइडिया।
क्या है, बे? मुंह तो टूट गया। अब क्या तुड़वाना है?
यूंयूंयूंयूं।
दूसरी तरफ का भी जबड़ा तुड़वाना है?
यूंयूंयूं!
ये आया होलीफील्ड का पंच...
ओईई SSS
और ये बैठ गया मेरा जबड़ा।
हां हां हां! अभी ले। हा हा हा!
अब तू मेरा धन्यवाद, ... तक एक साथ ले जा!
अब मैं कहूंगा, तुम चूहों के खिलाफ महायुद्ध का ऐलान...
धाड़
टोड्स, एक्शन!






याहू
अरे! अरे!
इस मेंढक को अचानक क्या हो गया?
वो तो हम तुम लोगों को बता रहे थे कि पिटा कैसे जाता है! अब हम तुम लोगों को यह बताएंगे कि पीटा कैसे जाता है।
टोड्स, अपने-अपने हथियार ले लो।
और उसके बाद इन चूहों को बताओ कि टोड्स से पंगा लेना कितना महंगा पड़ता है।


पंजा तो तुम लोगों ने लिया है।
अगर चुपचाप मठ छोड़ देते तो जान बचा लेते। लेकिन अब तुमको न मठ मिलेगा और न ही जान।
ये लोग भी हम पर गर्म-गर्म कंकड़ फेंकने लगे!
रुक जा, एक सेकेंड! अभी इनको भी उन दूक वालों की तरह शांत करा देता हूं।
इस बार मैं तुमको एक नई ट्रिक दिखाता हूं
अपनी तलवार पर बड़े दिनों से रिसर्च कर रहा था। बड़ी कमाल की चीजें पता चली हैं मुझको। जैसे ये...
हो गई न मेरी तलवार गोल!
अब इसको हवा में फेंको...
...तो ये गोल घूमकर, अपने निशानों पर वार करती हुई...
तड़
भड़






...मेरे हाथ में वापस आ जाती है...
वाह, वा! बाकी का काम मैं पूरा किए देता हूं।
मास्टर की तो अदा ही निराली थी—
छोड़ दे मेरे भाई! अब तो छोड़ दे। मैं मान गया कि दुनिया गोल है। मुझे तो सब गोल-गोल दिखाई दे रहा है।
सांय सांय सांय
छोड़ता हूं। छोड़ता हूं। जरा निशाना तो लेने दे, मेरे मिसाइल मूषक!
हां, वो रहा निशाना!
...और ये छूटी मिसाइल...


सांय..
मूषको! तुम हवा का आसरा लो। अभी ये चार हैं, और हम सिर्फ पच्चीस!
इनको और मूषकों को लेकर आना होगा। कम से कम पच्चीस तो।
ये तो अब बस।
हाहा हाहा।
आना ही था।
हम इस धरती पर चूहों से लड़ने के लिए नहीं आए हैं, टोड भाइयो!
हम यहां पर महानगर और उसके निवासियों की रक्षा के लिए आए हैं।
लेकिन ये पच्चीस तो मूषकों को लाने की धमकी दे गया है?
अरे, पच्चीस हजार भी लेकर आए तो हम निपट लेंगे!
और अगर मूषकों ने गटर के अंदर, पानी का आना बंद कर दिया है तो वह पानी अब शहर की गलियों में फैल रहा होगा...






उससे न जाने कितनी बीमारियां फैलेंगी, और न जाने कितनी तरह की परेशानियां उठ खड़ी होंगी।
हमको ऊपर जाकर लोगों की मदद करनी चाहिए। और इस समस्या का हल ढूंढ़ना चाहिए।
तुम ठीक कहते हो, मास्टर! शायद महानगर वासियों की मदद से ही हम मूषकों को खत्म करने का रास्ता खोज सकें।
और दूसरी तरफ–
आज क्या होता है, मुकर्जी! एक भी वर्कर काम पर नहीं आता!
सारे शहर में गटर का पानी फैल गया है, सर! हैजा और मलेरिया फैल गया है। सारे वर्कर बीमार हैं।
ओह! तुम इंडियन कितना गंदा है! म्युनिसिपैलिटी वाला सब कामचोर है। हमारा इंगलैंड में ऐसा होता तो सबको शूट कर देता।
इंगलैंड होता, तो सबसे पहले आपको शूट किया जाता सर! आपके दोस्त मूषकराज ने सारे गटरों का मुंह बंद कर दिया है। उसी से ये सारी गन्दगी फैल रही है!
मेरा बेटा भी सुबह से बीमार है! मैं आपको सिर्फ छुट्टी के लिए एप्लीकेशन देने आया था! अब मैं भी जाता हूं!
क्या हुआ, फ्रेंड विलियम्स?
मूषकराज! तुम फौरन सारा गटर खोलो! सिटी का गंदा पानी गटर में जाने दो। नहीं तो हमारा फैक्ट्री बंद हो जाएगा, हम बर्बाद हो जाएगा।
ओ मूषकराज! ये तुम क्या किया? हमको बर्बाद कर दिया। हाय!
जल्दी क्या है, फ्रेंड! पहले शहर तो खाली हो जाने दो। गटर पर तो हमने कब्जा कर ही लिया है। फिर शहर पर भी करेंगे।
धीरे-धीरे मूषकराज का राज्य फैलेगा। और तुम सब आदमी लोग जाएगा सीधा ऊपर। नॉन स्टाप!
सबसे पहले तू जाएगा, विलियम्स!
आह! मेरी... मेरी सांस...


कुछ पलों तक फैक्ट्री कंपाउंड, चिमनियों की चीखों से गूंजता रहा—
और फिर वे चीखें भी शांत हो गईं—
उधर टाउन में—
अरे! यहां पर तो गन्दे पानी का समुद्र बना हुआ है!
मेरा तो नहाते कबाड़ा कर रहा है!
अरे, कोई मेरे बच्चे को बचा लो!
क्या हुआ, स्त्री जी?
मेरे बच्चे को हैजा हो गया है। इसको अस्पताल ले जाना है। न कोई टैक्सी मिल रही है और न कोई ऑटो। मैं तो रास्ता भी नहीं जानती। बहहह!
यही मौका है मदद करने का!
कंप्यूटर! जरा देख तो, कंप्यूटर पर अस्पताल का नाम!
जमलोक अस्पताल!
वेरी गुड!
अब बच्चे को लपक लो!
अरे! अरे! ऐ... ये मेरा बच्चा छीनकर भागे जा रहे हैं!
घबराओ नहीं स्त्री जी! हम मदद कर रहे हैं। आप सीधे जमलोक अस्पताल पहुंचो!






हाय, मैं मर गई। मेरा बच्चा किडनैप कर लिया गया। भगवान करे इन नासपीटों को भी हैजा हो जाए।
क्या हुआ, भाभीजान? तू रो रोकर आंसू को गटर के पानी में क्यों मिला रही है?
हमारे पप्पू को चार आदमी मुझसे छीनकर ले गए
छीनकर ले गए?
कहां ले गए?
वह कह रहे थे कि जमलोक अस्पताल जा रहे हैं। वहीं पर आ जाओ।
चल! शायद वे पप्पू को वहीं ले गए हों!
जमलोक अस्पताल में-
आपका बच्चा अब एकदम ठीक है, मिस्टर मुखर्जी!
WARD NO. 13
E.C.
शुक्रिया, डॉक्टर साहब! बहुत-बहुत शुक्रिया!
शुक्रिया अदा करना है तो इन चारों का अदा कीजिए। अगर ये बच्चे को सही समय पर नहीं लाते तो कुछ भी हो सकता था।
आप लोग इंसान नहीं, फरिश्ते हैं!
अरे! टोह को पहले इंसान बोलता है, फिर फरिश्ते। कुछ तोड़ दूं इसका?
श श श! चुप कर!
आप लोगों ने गटर के गंदे पानी की परवाह किए बगैर मेरे बच्चे की जान बचाई। वर्ना उस मूषकराज ने तो उसे मार ही डाला था!
मूषकराज! तुम मूषकराज को कैसे जानते हो?
तु... तुम भी मूषकराज को जानते हो?
कौन हो तुम?
तुम आओ हमारे साथ। फिर तुमको बताते हैं कि हम कौन हैं!


और फिर- अस्पताल के सुनसान मुर्दाघर में- मुकर्जी फाइटर टोड्स की सूरतें देखकर जरा भी नहीं घबराया-
हैलो हाऽऽय !
ओह ! तो तुम हो वो मेंढक ! अल्लू-भल्लू को पीटने वाले ! क्या तुम लोगों ने भी रहस्यमिक वॉटर पी लिया था।
हमारा नाम मेंढक नहीं, फाइटर टोड्स है ! और हमने कोई पानी-वानी नहीं पिया...
लेकिन वे चूहे इतने बड़े-बड़े कैसे हो गए, ये हमें नहीं पता !
जवाब में मुकर्जी, फाइटर टोड्स को सारी कहानी सुनाता चला गया-
ओह ! यानी मूषकराज, गैस की फैक्ट्री के ठीक नीचे के गटर में अकेला रहता है ! तब तो उसको उस रास्ते से जाकर पीटा जा सकता है !
हां ! मूषकराज का खात्मा होना बहुत जरूरी है !
कुछ ही मिनटों के पश्चात- फाइटर टोड्स, मुकर्जी के साथ, यूनियन गड़बड़ाहट लिमिटेड की तरफ बढ़ रहे थे-
फैक्ट्री के अंदर तक सभी बेरोकटोक पहुंच गए, क्योंकि उनको कोई रोकने वाला था ही नहीं। फैक्ट्री पूरी खाली थी-
मुकर्जी भाई ! एक चीज तो बताओ ! तुम बता रहे थे न कि एक कीड़ा, गैस सूंघकर बेहोश होकर गिर गया था...
कहां है वह रसीला कीड़ा ?
यहीं पर तो गिरा था ! पर अब कहीं नजर नहीं आ रहा...






अरे ! अरे ! ये रहा वह कीड़ा ! लेकिन ये अपने असली आकार में कैसे आ गया? कहीं ये कोई और कीड़ा तो नहीं... नहीं है तो यह वही कीड़ा !
ये लो ! तेरी किस्मत ही खराब है कर्ट !
लगता है, मैं उस रसीले कीड़े को खाने की तमन्ना दिल में ही लिए इस दुनिया से चल बसूंगा !
ये तो बड़े आश्चर्य की बात है ! आखिर ये कीड़ा फिर से छोटा कैसे...
मुकर्जी भाई !
इधर आओ ! जल्दी अंदर देखो !
जमीन पर कोई मरा पड़ा है !
मैं देखता हूं !
ओ माई गॉड ! ये... ये तो मिस्टर विलियम्स हैं !
और इनके बदन पर खरोंचें देखकर साफ लगता है कि इनको मारने वाला है इनका प्यारा फ्रैंड...

ABHI..


...मूषकराज!
और ठीक उसी पल—
कड़ाक
तुमने पुकारा था...
...और हम चले आए...
हे टोडदेव! इसमें तो गज़ब की ताकत है!
मूषकराज
हम यहां पर मरने के लिए नहीं आए चूहे! हम यहां पर तेरी पाप की लंका का अंत करने आए हैं। और हम मेंढक नहीं हैं। हम हैं फाइटर टोड्स!
और अब इस छोटे से इंट्रोडक्शन के बाद हम बजाएंगे तेरा बाजा—
टोड्स एक्शन!






पलक झपकते, फाइटर टोड्स के कपड़े उतर गए—
ही ही ही। तो तुम लोग कपड़े उतारकर लड़ते हो। ठीक है, ठीक है। मार के डर से कपड़े खराब होने का चक्कर ही खत्म हो गया!
कपड़े तो तेरे खराब होंगे चूहे! और उनको खराब करूंगा मैं...
आहा! अहा! अच्छा वार था। चटपटा! तूने वार कर लिया न! अब मैं अपना वार करता हूं!
...अगर तुझको पता नहीं हो तो मैं बता देता हूं कि मैं एटॉमिक पॉवर से युक्त चूहा हूं।
मुझ पर एटम बम से कम शक्तिशाली वार का कोई असर नहीं होने वाला।
तड़ाक
धमा
आऽऽऽई!
यह चूहा तो इतनी फुर्ती से वार कर रहा है, कि मुझे बचने का मौका ही नहीं मिल पा रहा है!
धाड़


मूषकराज के बिजली जैसे वारों का सामना, शार्टर नहीं कर सका—
यह बहुत फुर्तीला है। इसके पास जाना खतरनाक साबित हो सकता है। इसलिए इसको दूर से ही चित्त करना होगा।
तू इन सरकंडों से मुझे चित्त करना चाहता है!
और, मूषकराज तो उड़ती हुई गोलियां भी पकड़ सकता है...
...और उनको दुगुनी रफ्तार से वापस भी फेंक सकता है!
पूछो तो कैसे?
ऐसे!
और शर्टर के तीरों ने, शर्टर को ही धराशायी कर दिया—






कर्टर का खून खौल उठा—
इसको पकड़ कर दिखा तो जानूं चूहे!
मेरी तलवार तुझे काटकर रख देगी।
मैं तेरी तलवार की खूबियों को जानता हूं मेंढक, इसलिए मैं इसे बिना पकड़े...
...तेरे पास वापस भेज देता हूं।
अरे! अरे! ये तलवार तो मुझे ही काटने...
...आ रही है।
बच गया!
अरे मुकर्जी भाई, जो कीड़ा मुझे खाना था, उसे गैस मारकर छोटा कर दिया! और जो चूहा मुझे खाने जा रहा है, उसे बड़ा ही छोड़ दिया!
कर्टर सही कह रहा है मुकर्जी! ये आइडिया तो हमको पहले आना ही नहीं था! गैस मारने वाला।
आइडिया अच्छा है, वैसे भी ट्राई करने में कोई हर्ज नहीं है।













if u like this comic then buy and save rc..


कैसी मुसीबत?
इस मोटे विलियम्स की लाश की मुसीबत! पुलिस इसकी हत्या के आरोप में मुझे ही पकड़ेगी। मूषकराज की कहानी पर भला कौन विश्वास करेगा?
ऐसा करते हैं। इसकी लाश को भी गटर के अन्दर फेंक देते हैं। या फिर गड्ढा खोदकर ज़मीन में गाड़ देते हैं...
जलाने के बारे में क्या ख्याल है?
नहीं...
...मैं मरा किधर है। मैं तो मरने का ड्रामा करता था। अरे, मरने का नाटक नहीं करता तो वो रैट हमको सच्ची-मुच्ची में किल कर देता...
...पर तुम्हारा कंट्री में इतना अच्छा मेंढक देखकर हमारा दिल चेंज हो गया है। हम अपना बैड-बैड कामों पर बहुत पछता रहा है...
... हम अपने-आपको पुलिस के हवाले कर देगा। सारा जुर्म कुबूल कर लेगा...
... नहीं तो वो स्मगलर, जिसको हमने मिलावटी यूरेनियम सप्लाई किया है, हमको आकर किल कर देगा!
गुड आइडिया सर!
मैं भी आपके साथ जेल जाकर अपने पापों का प्रायश्चित करूंगा।
सभी खुश थे / उदास था सिर्फ एक ...
-कर्टर-
सब अच्छा-अच्छा हो गया। कहानी खत्म हो गई। लेकिन... लेकिन...
...मैं बेचारा कर्टर, उस मोटे-तगड़े बड़े और रसीले कीड़े का स्वाद नहीं ले सका। (सुबुक)
समाप्त.